प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 21.11.2024

- ❖ **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही.......**
- ❖ **थाना रूरा पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान 25,000 रुपये के पुरस्कार घोषित शातिर लुटेरे को किया गया गिरफ्तार।**
- ❖ **दिनांक 01.11.2024 को थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत शराब की दुकान पर हुई लूट की घटना में वांछित था अभियुक्त।**
- ❖ **जनपद के विभिन्न थानों में अभियुक्त पर आधा दर्जन अभियोग है पंजीकृत।**
- ❖ **अभियुक्त के कब्जे से लूट के 3800/- रूपये व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज व 01 अदद मोटर साइकिल (अपाचे सफेद) बिना नम्बर प्लेट, अस्पष्ट इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर बरामद ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना रूरा पुलिस द्वारा दिनांक 20.11.2024 को थाना रसूलाबाद-रूरा बॉर्डर पर संदिग्ध वस्तु/वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी कि तभी एक व्यक्ति सुंदरपुर-गजेन मार्ग पर तेज रफ्तार से बाइक पर आता हुआ दिखाई दिया। जब उक्त बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने अपनी बाइक कच्चे मार्ग पर उतार दी तथा पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी तो पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ हेतु फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। उक्त व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जब पूछताछ की गयी तो उसने अपना नाम ललिया पुत्र राजकपूर निवासी पिलखनी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात बताया जो कि दिनांक 01.11.2024 को थाना रूरा क्षेत्रान्तर्गत शराब की दुकान पर हुई लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना रूरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 371/2024 धारा 309(6) बी0एन0एस0 में वांछित था। अभियुक्त ललिया उपरोक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है। अभियुक्त पर जनपद के विभिन्न थानों पर आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं तथा अभियुक्त पर 25,000 रुपये का इनाम भी घोषित था। अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0सं0 371/2024 धारा 309(6) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित लूट के 3800/रुपये नगदी की बरामदगी हुयी एवं अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद मोटर साइकिल अपाचे सफेद बिना नम्बर प्लेट व अस्पष्ट इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर बरामद हुआ जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 109/317(2) BNS व 3/25 A. Act व 106 BNSS की बढोत्तरी की की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. ललिया पुत्र राजकपूर निवासी ग्राम पिलखनी थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण उपरोक्त -

1. मु0अ0सं0 449/2019 धारा 392 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 744/2019 धारा 392 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात
3. मु0अ0सं0 745/2019 धारा 392 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात
4. मु0अ0सं0 757/2019 धारा 392/411 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात
5. मु0अ0सं0 798/2019 धारा 41/411/414 भादवि थाना अकबरपुर कानपुर देहात
6. मु0अ0सं0 62/2020 धारा 3(1) गैंग0 एक्ट थाना अकबरपुर कानपुर देहात
7. मु0अ0सं0 371/2024 धारा 309(6) /317(2)/109 बी0एन0एस0 व 3/25 A. Act 106 BNSS थाना रूरा का0दे0

बरामदगी विवरण-

1. लूट के 3800/- रूपये
2. अभियुक्त के कब्जे से 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 अदद मोटर साइकिल (अपाचे सफेद) बिना नम्बर प्लेट व अस्पष्ट इंजन नम्बर व चैसिस नम्बर

पूछताछ विवरण- अभियुक्त ललिया पुत्र राजकपूर उपरोक्त नें पूछने पर बताया कि साबह सूरज , छोटू ,दिलवर और मैंने दिनांक 01.11.2024 को दीपावली के अगले दिन मुरलीपुर शराब के ठैके से गुल्लक लूटा था। जिसमें हम लोगों को लगभग 70 हजार रुपये मिले थे। जिसमें से थोडे-थोडे रुपये हमें बाँट दिये गये थे तथा बचे पैसे सूरज के पास थे। सूरज व दिलवर उपरोक्त पूर्व से गिरफ्तार हो चुके है। इसी गिरफ्तारी से बचने के लिए छुपने की तलाश में जा रहा था। कि आप लोगों ने मुझे आगे से घेर लिया । घिरता देख मैने अपनी मोटर साइकिल पकडे जाने के डर से कच्चे रास्ते पर उतार दी थी, मोटर साइकिल के गिर जाने पर मैंने आप लोगों से बचने के लिए आपके ऊपर फायरिंग कर दी थी । आपकी जवाबी कार्यवाही में मेरे दाहिने पैर में गोली लग गयी और मैं घायल हो गया फिर आप लोगों ने मुझे पकड लिया। मेरी पैन्ट की दाहिनी जेब से जो 3800 रुपये निकले है ये मुरलीपुर ठेका वाली लूट से प्राप्त रुपये हैं।

गिरफ्तार करने वाली थाना रूरा पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री जयप्रकाश शर्मा थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
2. व0उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
3. उ0नि0 श्री अतेन्द्र कुमार थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
4. का0 932 यतेन्द्र सिंह थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
5. का0 71 जितेन्द्र सिंह थाना रुरा जनपद कानपुर देहात
6. का0 974 सुमित कुमार थाना रूरा जनपद कानपुर देहात